हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, गुरुवार 22 जनवरी 2026

तापमान
अधिकतम 28 डिग्री
न्यूनतम 15 डिग्री

13 जिले में 10वीं-12वीं की प्री-बोर्ड परीक्षा शुरू


14 तहसील कार्यालय में वर्षों बाद शुद्ध पेयजल की हुई व्यवस्था




### किस्त जारी करने का पैटर्न बदलने के कारण हो रहा विलंब, जल्द ही मिलेगी राशि

# पीएम आवास : मापदंड के अनुसार निर्माण के बाद भी किस्त नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

मापदंड के अनुसार पीएम आवास का निर्माण पूरा करने के बाद भी हितग्राहियों को किस्त जारी नहीं की गई है। हालांकि किस्त जारी करने के लिए प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। एफटीओ भी जारी किया जा चुका है। उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही किस्त जारी कर दी जाएगी।

जिले के हितग्राहियों को भरपूर संख्या में पीएम आवास की सौगात मिली है। दो साल में 21 हजार से ज्यादा पीएम आवास को मंजूरी मिली है। मंजूरी मिलने के बाद हितग्राही भी निर्माण में रूचि ले रहे हैं, जिसके चलते आवास निर्माण की स्थिति अच्छी है। विडंबना यह है कि मापदंडों के अनुसार निर्माण कार्य होने के बाद भी हितग्राहियों को किस्त नहीं मिली है। पहले हितग्राहियों को किस्त देने की प्रक्रिया राज्य से की जाती थी, लेकिन अब पैटर्न बदल कर केंद्र सरकार से किस्त जारी करने की प्रक्रिया की जा रही है। इस बदलाव के कारण ही किस्त में थोड़ा विलंब हो रहा है। उधर किस्त नहीं मिलने से हितग्राहियों की परेशानी बढ़ गई है। कुछ लोग तो कर्ज लेकर निर्माण कार्य पूरा करवा रहे हैं। वहीं कुछ ने निर्माण कार्य रोक दिया है। किस्त मिलने के बाद वे निर्माण कार्य फिर से शुरू कर देंगे।

#### 82 प्रतिशत आवास पूर्ण

वर्ष 2024-25 में कुल 20 हजार 660 आवास की स्वीकृति मिली थी। इसमें से पहली किस्त 20 हजार 301 हितग्राहियों को जारी की जा चुकी है। वहीं 19 हजार 64 लोगों को दूसरी किस्त भी दी जा चुकी है। जानकारी के अनुसार इस वर्ष स्वीकृत आवास में से 82 प्रतिशत आवास का निर्माण पूरा हो चुका है, लेकिन प्रक्रिया में विलंब के चलते अब तक हितग्राहियों को तीसरा किस्त नहीं दी गई है। उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही तीसरी और आखिरी किस्त हितग्राहियों को दे दी जाएगी।



#### यहां पर दूसरी किस्त अटकी

वर्ष 2025-26 में 20 हजार 460 पीएम आवास की स्वीकृति मिली है। इसमें से 18 हजार 460 हितग्राहियों को पहला किस्त दी जा चुकी है। 12 हजार 44 हितग्राहियों को दूसरी किस्त दी जानी है, जिसके लिए एफटीओ साइन किया जा चुका है। पर हितग्राहियों को किस्त जारी नहीं हुई है न ही वस्तुस्थिति वेबसाइट में अपडेट हो पाई है। उल्लेखनीय है कि आवास निर्माण का यह लक्ष्य नवंबर माह में मिला है। कम समय के बावजूद निर्माण की रफ्तार अच्छी है। कुछ आवास तो लगभग पूर्ण हो चुके हैं। इन आवासों की छत ढलाई का जिओ टैगिंग किया जा रहा है।

#### तकनीकी समस्या में फंसे कई आवास

वर्ष 2024-25 में 359 आवास और वर्ष 2025-26 में 1931 आवास के लिए पहला किस्त ही नहीं जारी की जा सकी है। इनमें से अधिकांश मामलों में तकनीकी समस्या है। किसी का आधार मैच नहीं हो रहा है तो किसी का खाता नम्बर। कुछ हितग्राहियों की मृत्यु हो चुकी है, लेकिन नामिनी सामने नहीं आए हैं। इन समस्याओं को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। समस्याओं के दूर होते ही किस्त भी जारी कर दी जाएगी।

#### अच्छी है स्थिति

धमतरी में पीएम आवास निर्माण की स्थिति अच्छी है। प्रदेश में हमारा जिला दूसरे-तीसरे नम्बर पर है। यहां पर भरपूर संख्या में आवास की स्वीकृति मिलने के बाद भी निर्माण की रफ्तार अच्छी है।

- **मोनेश साहू,** *अधिकारी पीएम आवास*

## अवैध शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

■ कोतवाली पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी




कोतवाली पुलिस ने एक युवक को अवैध रूप से शराब परिवहन करते व दूसरे आरोपी को अवैध रूप से शराब की बिक्री करते गिरफ्तार किया है।

पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर पोस्ट आफिस वार्ड में दबिश दी। इस दौरान श्रीराम ध्रुव पिता सोनार उम्र 39 वर्ष मकेश्वर वार्ड निवासी को रेंजर साइकिल से अवैध रूप से शराब का परिवहन करते रंगेहाथ पकड़ा है। आरोपी के कब्जे से 71 पौवा देशी प्लेन शराब कीमत 880 रुपए, 21 नग देश मसाला शराब कीमत 2100 रुपए घटना में प्रयुक्त रेंजर साइकिल कीमत 1500 रुपए कुल 4480 रुपए जप्त की है। पुलिस ने धारा 34/2 आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी श्रीराम ध्रुव को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया। इसी तरह कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सिहावा रोड स्थित गोलू ढाबा के पास दबिश दी। जहां कौशलराव रणसिंह पिता सुभाषराव उम्र 52 वर्ष मराठपारा निवासी को अवैध रूप से शराब की बिक्री करते रंगेहाथ गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 4 नग बाटल बीयर कीमत 800 रूपए, 7 पौवा अंग्रेजी शराब कीमत 1730 कुल 2530 रुपए जप्त की गई। पुलिस ने सिटी कोतवाली में धारा 34/1 आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी कौशलराव रणसिंह को पकड़कर उसके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की है।

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के लिए आवेदन 30 जनवरी तक

■ 6 को राजिम कुम्भ मेला एवं 12 को नया रायपुर में होगा सामूहिक विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

इस वर्ष भी मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनांतर्गत सामूहिक विवाह का आयोजन 6 फरवरी को राजिम कुम्भ (कल्प) मेला तथा 12 फरवरी को नया रायपुर में संबंधित परिवारों की सामाजिक, धार्मिक रीति अनुसार संपन्न किया जाना संभावित है। परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना मगरलोड ने बताया कि इसके लिए पात्रता रखने वाले आवेदक 30 जनवरी तक निर्धारित प्रपत्र में आवेदन कर सकते हैं। इस योजनांतर्गत लाभ प्राप्त करने आवेदनकर्ता निर्धारित प्रपत्र में आवेदन बाल विकास परियोजना कार्यालय मगरलोड अथवा संबंधित सेक्टर पर्यवेक्षक, ग्राम की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से संपर्क कर योजना की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## निगम के टैंकर का रोहरा कॉलोनी में निजी उपयोग



■ कांग्रेसी पार्षदों ने कलेक्टर से की कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नगर निगम के टैंकर का उपयोग निगम क्षेत्र के बाहर ग्राम पंचायत रत्नाबांधा के रोहरा कॉलोनी में निर्माणाधीन बाउंड्रीवॉल में पानी के उपयोग के लिए विगत डेढ़ माह से किया जा रहा है, जिसकी जानकारी आसपास के रहवासियों तथा शहर के जागरूक नागरिकों द्वारा नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर को दी गई। वस्तुस्थिति से अवगत होने नेता प्रतिपक्ष पार्षदों के पहुंचे। वहां उन्होंने पाया कि नगर निगम का टैंकर विगत डेढ़ दो माह से सत्ता में बैठे व्यक्ति की निजी कॉलोनी में बाउंड्रीवॉल के लिए उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि एक तरफ शहर में आये दिन पानी के लिए समस्या होती है। वार्डों में पार्षदों की मांग पर भी टैंकर से पानी की सप्लाई नहीं हो पाती है। टैंकर की कमी बताई जाती है और वहीं कई महीनो से निजी कॉलोनी की बाउंड्रीवाल के लिए टैंकर का उपयोग किया जा रहा है। देश की रक्षा के लिए थल सेना भर्ती में नगर निगम में टैंकर की कमी बताकर आमदी नगर पंचायत से टैंकर मंगवाकर पानी की सप्लाई की जा रही और नगर निगम के पानी टैंकर का उपयोग सत्ता में बैठे जनप्रतिनिधि द्वारा किया जा रहा है ।

## मुफ्त की सीटों पर प्रवेश की प्रक्रिया शुरू

■ 16 फरवरी से लिए जाएंगे आवेदन, मई में मिलेगा दाखिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शिक्षा का अधिकार अधिनियम से छात्रों के प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हो गई है। 16 फरवरी से छात्रों से आवेदन लेना भी शुरू कर दिया जाएगा। खास बात यह है कि इस बार नर्सरी से नहीं बल्कि कक्षा पहली से प्रवेश दिया जाएगा।

कई पालक हैं जो बच्चों को प्राइवेट स्कूल में अच्छी शिक्षा देना चाहते हैं, लेकिन आर्थिक रूप से मजबूत नहीं होने के कारण वे फीस नहीं भर पाते हैं। ऐसे पालकों को आरटीई के तहत प्रवेश प्रक्रिया शुरू होने का बेसब्री से इंतजार रहता है। इन पालकों के लिए अच्छी खबर है कि आगामी शिक्षण सत्र के लिए आरटीई के तहत प्रवेश प्रक्रिया 1 जनवरी से शुरू कर दी गई है। फिलहाल स्कूल प्रोफाइल अपडेट किया जा रहा है। इसके साथ ही नोडल प्राचार्य, डीईओ द्वारा स्कूल में सीटों का सत्यापन भी किया जा रहा है। 16 फरवरी से ऑनलाइन आवेदन के लिए पोर्टल खोल दिया जाएगा। छात्रों के दाखिले के लिए पालक आवेदन कर सकेंगे। 31 मार्च तक नोडल द्वारा आवेदनों का वेरिफिकेशन किया जाएगा। 13-17 अप्रैल तक लॉटरी निकाली जाएगी। इसके बाद 1 मई से 31 मई तक छात्रों को दाखिला दिया जाएगा।

#### नर्सरी में नहीं कक्षा पहली से मिलेगा प्रवेश

इस साल आरटीई के नियम में परिवर्तन किया गया है। पहले स्कूल में शुरूआती कक्षा में आरटीई के तहत प्रवेश दिया जाता था। कई स्कूलों में शुरूआती कक्षा नर्सरी थी, वहां पर नर्सरी से ही आरटीई के तहत प्रवेश दिया जाता था। अब नियम बदल दिया गया है। सभी स्कूलों में कक्षा पहली से प्रवेश दिया जाएगा। इससे आरटीई की सीटें कम होने की आशंका है।

## नवीन पंचायत भवन, खेल मैदान, शेड निर्माण कराने की मांग की

■ अमलीडीह पंचायत के प्रतिनिधियों ने कलेक्टर को सौंपा आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



वीबी जी-राम-जी योजना पर सरकार की मुहर लगने के बाद ग्राम पंचायतों से संरचनात्मक कार्यों की मांग उठने लगी है। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत अमलीडीह के प्रतिनिधियों ने नवीन पंचायत भवन, खेल मैदान, शेड निर्माण आदि की मांग कलेक्टर से की है।

कलेक्टर जनदर्शन में पहुंचे उपसरपंच टाटेश्वर सिंह साहू, माधव साहू ने कलेक्टर के नाम अलग-अलग मांगों का तीन आवेदन किया है जिसमें कहा है कि धमतरी ब्लॉक के ग्राम पंचायत अमलीडीह में सन 1998-99 में पंचायत भवन निर्मित हुआ है। वह वर्तमान में जर्जर हो चुका है। छज्जा टूटकर गिर रहा है। बरसात में छत से पानी टपकता है। कभी भी दुर्घटना होने की संभावना बनी हुई है। नवीन पंचायत भवन निर्माण की स्वीकृति प्रदान करने की मांग की है। अमलीडीह में खेल मैदान के लिए जगह आरक्षित है। खेल मैदान को अतिक्रमण से बचाने तथा युवाओं को खेल सुविधा मुहैया कराने के लिए खेल मैदान की स्वीकृति की मांग की। सहाड़ा देव गांव के हृदयस्थल में है जहां पर ग्रामीणों द्वारा धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों का आयोजन किया जाता है। उक्त स्थान को अतिक्रमण से बचाने एवं कार्यक्रम के संचालन के लिए शेड निर्माण सह अहाता निर्माण कराने पंचायत ने प्रस्ताव पारित किया है। ग्रामीणों ने उक्त कार्यों की स्वीकृति प्रदान करने की मांग की है।

## कार्रवाई के डर से प्रेमी जोड़े ने किया था आत्महत्या का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



घर से भागकर की थी शादी

घर से भागकर शादी कर लेने के बाद कानूनी कार्रवाई होने के डर से प्रेमी जोड़े ने रास्ते में जहर सेवन कर आत्महत्या का प्रयास किया था। दोनों का जिला अस्पताल में उपचार जारी है।

मंगलवार को भखारा मुख्य मार्ग में ग्राम खपरी के पास युवक सड़क किनारे पड़ा हुआ था, युवती भी वहीं पर मौजूद थी। उनकी मोटरसाइकिल सड़क किनारे खड़ी थी। पता चला कि दोनों ने जहर सेवन कर लिया है। सूचना पर वरदान संस्था की एंबुलेंस की मदद से दोनों को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। त्वरित उपचार मिल जाने से दोनों का स्वास्थ्य सुधरता गया। फिलहाल दोनों खतरे से बाहर हैं। सूचना पर मंगलवार को युवक व युवती के परिजन जिला अस्पताल पहुंचे। अस्पताल में दोनों का उपचार जारी है। उल्लेखनीय है कि बालोद जिले के गुरूर थाना क्षेत्रागंत ग्राम खैरझिटी का युवक हेमंत उम्र 23 वर्ष प्रेमप्रसंग के चलते गांव की एक लड़की के साथ रविवार को घर से भाग गया था। मोटरसाइकिल से रायपुर पहुंचकर सोमवार को शादी कर ली। शादी के बाद दोनों मोटरसाइकिल से भखारा मार्ग से होते हुए वापस लौट रहे थे।

युवक ने अपने बयान में बताया कि लड़की नाबालिग थी, लेकिन लड़की द्वारा लगातार दबाव बनाने पर भागकर उसके साथ शादी कर ली। नाबालिग लड़की को भगाने के कारण कानूनी कार्रवाई हो जाने के डर से भखारा रोड पकड़ने से पहले संतोषी नगर रायपुर में कीटनाशक दवा का सेवन कर बाइक चलाते दोनों वापस लौट रहे थे। इसी दौरान खपरी के पास उसकी हालत खराब हो जाने से सड़क किनारे बैठ गए। इसी बीच युवती ने भी जहर का सेवन कर लिया।

#### गुरूर थाना में शिकायत दर्ज

युवती के घर में नहीं मिलने पर उसके परिजनों ने दूसरे दिन गुरुर थाना पहुंचकर अपहरण का आरोप लगाते हुए युवक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने संदेही हेमंत के विरूद्ध धारा 137/1 के तहत अपराध दर्ज किया था। बाद में इस मामले में अन्य गंभीर धाराएं जुड़ सकती थीं। माना जा रहा था कि अपराध दर्ज होने की जानकारी युवक को किसी के माध्यम से मिल गई थी। कानूनी कार्रवाई होने के डर से युवक ने जहर सेवन कर आत्महत्या का प्रयास किया।

### धान की खेती से नहीं हो रहा किसानों का मोहभंग

# यूं ही नहीं मिली है धनहा धमतरी की उपाधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



यूं ही नहीं हमारे जिले को धनहा धमतरी की उपाधि मिली है। धान की खेती में कड़ी मेहनत और काफी अधिक लागत होने के बाद भी धमतरी के किसान इसका मोह नहीं छोड़ रहे हैं। फसल चक्र परिवर्तन की बयार के बीच हजारों एकड़ में धान की खेती के लिए किसान तैयारी कर रहे हैं। कई स्थानों पर रोपाई का काम भी शुरू हो गया है।

धमतरी जिला धान की खेती का गढ़ है। प्रशासन पिछले कुछ साल से रबी सीजन में फसल चक्र परिवर्तन को बढ़ावा देने के लिए अभियान चला रहा है। इसके तहत चना, सरसों सहित अन्य दलहन और तिलहन फसल के बीज उपलब्ध कराए गए हैं। चने को समर्थन मूल्य पर खरीदने की व्यवस्था भी की गई है। इन सब सुविधाओं के बावजूद किसान धान की खेती कर रहे हैं। खपरी में जहां लगभग शत- प्रतिशत फसल परिवर्तन किया गया है, वहीं भानपुरी में भी अधिकांश किसान चने की खेती कर रहे हैं। इन गांवों से लगे अर्जुनी, तेलीनसत्ती सहित अन्य कई गांवों में धान की खेती की जा रही है। किसान ने नर्सरी भी तैयार कर ली है। कुछ स्थानों पर रोपाई भी शुरू हो चुकी है।

#### फूलने-फलने लगा चना

मकर संक्रांति के बाद सूर्य उत्तरायण हो गया है। इसके साथ अंचल में गर्माहट बढ़ने लगी है। उधर मौसम परिवर्तन का असर चने की फसल पर देखने को मिल रहा है। पहले से लगी हुई चने की फसल में फूल और फल आने लगे हैं। बाद में भी जिन खेतों में बुआई हुई है, उनमें छोटे-छोटे पौधों में फूल दिखने लगे हैं। इससे अच्छा उत्पादन होने की आशंका है।

#### धीरे-धीरे होगा फसल चक्र परिवर्तन

कृषि विभाग भी मानता है कि फसल चक्र परिवर्तन धीरे-धीरे ही होगा। एक ही बार में सभी किसानों का मन परिवर्तन संभव नहीं है। इसी कारण कृषि विभाग ने प्लानिंग में धान की खेती को भी जगह दी है। हालांकि इसका रकबा घटाया गया है। जानकारी के अनुसार पिछले रबी सीजन में 24200 हेक्टेयर में धान की खेती लगी थी। इस साल 15000 हेक्टेयर में धान की खेती का लक्ष्य रखा गया है। इसमें से 5899 हेक्टेयर में बुआई हो चुकी है। अंदेशा है कि इस साल लक्ष्य से ज्यादा क्षेत्रफल में धान की खेती होगी।

## बस से टकराई बाइक, हेलमेट से बची चालक की जान




हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

रायपुर से भखारा होते हुए धमतरी आ रही बस के अचानक रूकने से पीछे आ रही बाइक बस के पीछे टकरा गई। बाइक चालक के हलेमेट पहनने के कारण उसे कोई गंभीर चोट नहीं आई है। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को ऋतुराज ट्रेव्हल्स की बस क्रमांक सीजी 08 एएम 9788 रायपुर से सवारी लेकर भखारा होते धमतरी आ रही थी। इसी दौरान ग्राम देमार के पास चालक ने बस का ब्रेक लगाया। बस के अचानक रूक जाने से उसके पीछे आ रही बाइक बस से टकराकर चालक सहित नीचे घुस गई। सवार यात्रियों ने नीचे उतरकर बस के नीचे घुसी बाइक व चालक को बाहर निकाला। हेलमेट पहनने से बाइक चालक को कोई गंभीर चोट नहीं लगी। चालक के सिर पर अगर हेलमेट नहीं होता तो बड़ी घटना हो सकती थी। हेलमेट की वजह से युवक की जान बच गई।

## खबर संक्षेप

### कुहकुहा में श्रीमद् भागवत कथा कल से



**सिर्री।** ग्राम कुहकुहा के बजरंग चौक में 23 से 31 जनवरी तक संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन रखा गया है। कथावाचक पं. कालेश्वर प्रसाद तिवारी जेंजरा राजिम होंगे। कथा सुबह 10 से 1 बजे तक और दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक रहेगी। तैयारी जोर-शोर से चल रही है।

### कुहकुहा की मड़ई में पायल की होगी प्रस्तुति

**सिर्री।** ग्राम कुहकुहा में ग्रामवासियों के सहयोग से मड़ई मेला का आयोजन 31 जनवरी शनिवार को किया गया है। मनोरंजन के लिए रात्रिकालीन कार्यक्रम चिन्हारी लोक मंजीरा पायल साहू की प्रस्तुति होगी।

### सशिमं में बसंत पंचमी उत्सव 23 को

**पुरूर(धमतरी)।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुरूर में बसंत पंचमी के अवसर पर 23 जनवरी शुक्रवार को सुबह 10 बजे मां सरस्वती की प्राण-प्रतिष्ठा एवं विद्यारंभ संस्कार व मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया है। प्राचार्य वेदप्रकाश कटेन्द्र ने बताया कि कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा होंगी। अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष सुनीता साहू करेंगी। विशिष्ट अतिथि सरपंच हीरामणि साहू होंगे।

### डोमा में मानसगान सम्मेलन 23 से

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम डोमा में 23, 24 एवं 25 जनवरी को संगीतमय मानसगान सम्मेलन का आयोजन श्री रामायण सेवा समिति एवं मानस प्रेमीजनों द्वारा किया जा रहा है। सम्मेलन में दूर-दूर की ख्यातिप्राप्त तथा क्षेत्रीय मंडलियां अपनी प्रस्तुति देंगी। यह जानकारी निश्चल साहू, बृजभान साहू, डोमारसिंह साहू, दीनदयाल कवलवंशी, पोखराज बनपेला ने दी।

### मड़ेली में आज अनुराग शर्मा स्टार नाइट

**जीजामगांव।** यारों की यारी यूथ ग्रुप एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम मड़ेली के रामजानकी मंदिर बाजार चौक में 22 जनवरी को भगवान श्री रामचंद्र की प्राण -प्रतिष्ठा के दो वर्ष पूर्ण होने पर पूजा-अर्चना एवं महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। सुबह 10 बजे भव्य कलशयात्रा निकल जाएगी। दोपहर 12 बजे से महायज्ञ होगा। दोपहर 2 बजे से महाआरती होगी। विशाल भंडारा का आयोजन शाम 5 बजे से होगा। रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए छग के सुप्रसिद्ध गायक अनुराग शर्मा स्टार नाइट एवं लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी।

### सिंधौरीखुर्द में हिंदू सम्मेलन आज

**कुरुद।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर सम्पूर्ण देश में मंडल और बस्तीस्तर पर हिंदू सम्मेलन का आयोजन हो रहा है। इसी तारतम्य में मंदरौद मंडल का हिंदू सम्मेलन कार्यक्रम आज सिंधौरीखुर्द में आयोजित है। इस सम्मेलन के मुख्य अतिथि बंशीलाल यादव मुख्य ट्रस्टी गायत्री शक्तिपीठ कुरूद, विशिष्ट अतिथि श्रीमती कीर्तिलता साहू और मुख्य वक्ता ठाकुरराम यादव राजिम विभाग प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ होंगे। इस सम्मेलन को सफल करने तेजनलाल साहू, हेमराज साहू, भारत साहू, राजेन्द्र साहू, देवनारायण साहू, युवराजसिंह कंवर, प्रेमचंद, टिकेश साहू, प्यारेलाल कंवर, विकास साहू, गोधन साहू, कमलेश कुमार, अमित झा, चैंपेशर सोनकर, टिकाराम साहू, जितेन्द्र कुमार, देवलाल, पोखन साहू जुटे हुए हैं।

## खबर संक्षेप



### सुमन का असम राइफल में चयन

**सांकरा।** सांकरा (नगरी) निवासी संतोष साहू की पुत्री सुमन साहू का लगातार 2 साल की कड़ी मेहनत और परिश्रम के बाद एसएससी जीडी असम राइफल में चयन हुआ है, जिससे परिवार सहित पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय मां शांतिबाई पिता संतोष साहू, भाई भानुप्रताप साहू, गोपी साहू, चंद्रशेखर साहू, नागेश साहू, श्री निषाद सर को दिया है।

### कन्हारपुरी के लुकेश्वर का सीआईएसएफ में चयन

**बगदेही(धमतरी)।** ग्राम पंचायत कन्हारपुरी (कुरूद) निवासी लुकेश्वर कंवर पिता ओमनाथ कंवर 26 वर्ष का एसएससी जीडी 2025



में सीआईएसएफ के पद पर चयन हुआ है। लुकेश्वर ने बताया कि वह पिछले 5 वर्षों से तैयारी कर रहा था। उन्होंने बहुत सी असफलताएं देखी, लेकिन कभी हार नहीं मानी। दिन में मजदूरी करता था और रात में पढ़ाई करता था। एग्जाम पास करने के बाद फिजिकल की तैयारी में जुट गया। फिर मेडिकल पास कर तीसरे प्रयास में सफलता हासिल की। अगर आप ठान लो तो कुछ भी चीज हासिल कर सकते हो। सफलता एक दिन में नहीं मिलती, लेकिन एक दिन जरूर मिलती है।

### निधन

### जयराम कोठारी

**धमतरी।** जयराम कोठारी उम्र 87 वर्ष का निधन 21 जनवरी को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा आज



22 जनवरी को 11 बजे अठवानी गली के सामने बचपन स्कूल के पास से शांति घाट के लिए निकलेगी। वे मनीष कोठारी, कल्पना आथा के पापा एवं कमलेश कोठारी, मनोज कोठारी के चाचा थे।

धान खरीदी में अनियमितता का लगाया आरोप

# किसानों ने कसपुर धान खरीदी केंद्र में किया प्रदर्शन





- शाम को मौके पर पहुंचकर तहसीलदार ने सभी किसानों को समझाया और सही खरीदी करवाने का आश्वासन दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

1 नवंबर से किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की जा रही है। धान खरीदी की अवधि समाप्त होने में लगभग 15 दिन शेष हैं। इसी बीच शासन-प्रशासन के निर्देश पर पटवारी एवं ग्राम सेवकों द्वारा किसानों के घर-घर जाकर धान का भौतिक सत्यापन कर गणना की जा रही है तथा उसकी जानकारी सोसायटी केंद्रों को दी जा रही है।

किसानों का आरोप है कि उनके टोकन में जितनी मात्रा में धान दर्ज है, सोसायटी केंद्रों में उतनी मात्रा में खरीदी नहीं की जा रही है। किसानों द्वारा भेजे गए धान को कम मात्रा में स्वीकार कर शेष धान वापस किया जा रहा है। यह स्थिति बुधवार को आदिम जाति सेवा सहकारी समिति कसपुर धान खरीदी केंद्र में देखने को मिली। किसानों ने इस व्यवस्था का विरोध किया। किसानों ने बताया कि पटवारी एवं ग्राम सेवक उनके घर जाकर धान का सत्यापन कर रहे हैं, इसके बावजूद खरीदी केंद्र में लाए गए धान को कम मात्रा में स्वीकार किया जा रहा है, जिससे उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

दिनेश कुमार ने 100 कट्टा का टोकन कटाया था। 90 कट्टा स्वीकृत हुआ। 10 कट्टा वापस हुए। इसी तरह फूलसिंह वर्मा 132 कट्टा टोकन, 100 स्वीकृत, 32 वापस , सगनूराम/घासी राम 180 कट्टा टोकन, 80 स्वीकृत, 100 वापस, लोमनाथ 171 कट्टा टोकन, 124 स्वीकृत, 47 वापस, भारतलाल महंगूरामः 168 कट्टा टोकन, 150 स्वीकृत, 18 वापस, रामलाल महंगूराम 450 कट्टा टोकन, 298 स्वीकृत, 152 वापस हुए। उकेश साहू ने बताया कि 110 क्विंटल का टोकन कटने के बावजूद केवल 50 क्विंटल धान ही लिया जा रहा है। लक्ष्मीकांत साहू ने आरोप लगाया कि 22 क्विंटल का टोकन होने के बावजूद उनका धान अमान्य कर दिया गया। आमगांव के किसान अजीत कुमार धुव एवं चंद्र कुमार धुव ने बताया कि उनका टोकन ही नहीं कट रहा है। नरसिंह कश्यप ने पटवारी पर चार क्विंटल धान समर्पण करने का दबाव बनाने का आरोप लगाया, जबकि विजय कोराम के 160 कट्टा टोकन में से 120 कट्टा वापस कर दिए गए। किसानों ने इसका विरोध किया।

इस दौरान जिला पंचायत सदस्य गरिमा नेताम, जनपद सदस्य शिवनाथ मरकाम, सरपंच बोधन सिंह मरकाम, उपसरपंच जीवनलाल कुंजाम सहित राजेश कुंजाम, विजय कोराम, धवरसिंह मांझी, सुभाष सोरी, भवन सिंह, जितेंद्र मरकाम, कामता प्रसाद, बाबूलाल, सुखचंद, केशव मरकाम, बुधराम मांझी समेत कई किसान उपस्थित रहे।

#### पुनः टोकन काटे जाएंगे

इस विषय पर ग्राम सेवक घनाराम साहू एवं पटवारी पुरुषोत्तम चक्रधारी ने बताया कि किसानों के घर जाकर धान का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। सत्यापन के अनुसार कुछ किसान निर्धारित मात्रा से अधिक धान ला रहे हैं, इसलिए अतिरिक्त धान वापस किया जा रहा है। जिन किसानों का पंजीयन नहीं हुआ है, उनके आवेदन प्राप्त कर लिए गए हैं तथा कुछ दिनों बाद पुनः टोकन काटे जाएंगे।

#### त्रुटियां सुधारी गई

तहसीलदार बेलरगांव अखिलेश देशलहरे ने बताया कि भौतिक सत्यापन के आधार पर धान खरीदी की जा रही है। समिति स्तर पर एंट्री में कुछ त्रुटियां सामने आई थीं, जिन्हें सुधारा जा रहा है। पटवारी एवं राजस्व निरीक्षक की रिपोर्ट के अनुसार उपलब्ध धान के अनुरूप ही खरीदी सुनिश्चित की जा रही है।

#### किसानों के साथ अन्याय नहीं होगा

जिला पंचायत सदस्य गरिमा नेताम ने कहा कि शासन की मंशा के अनुसार धान खरीदी सही दिशा में होनी चाहिए, लेकिन सोसायटी में किसानों से कम धान लिया जाना गलत है। किसानों के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए। इस मामले में उच्च अधिकारियों से जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की जाएगी।

# कलेक्टर मिश्रा ने धान खरीदी व्यवस्था की जमीनी हकीकत परखी

- कलेक्टर ने जिले के 6 धान उपार्जन केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



जिले के सभी धान उपार्जन केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी जारी है। किसानों को बेहतर सुविधा और समयबद्ध लाभ सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर अबिनाश मिश्रा लगातार मैदानी निरीक्षण कर रहे हैं।

इसी क्रम में कलेक्टर श्री मिश्रा ने जिले के 6 धान उपार्जन केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने धमतरी तहसील के लोहरसी, पोटियाडीह, आमदी तथा भखारा तहसील के धरसीवा, डोमा एवं डाही धान खरीदी केन्द्रों में पहुंचकर व्यवस्थाओं का प्रत्यक्ष जायजा लिया। कलेक्टर सीधे किसानों के बीच पहुंचे और उनसे संवाद कर धान खरीदी की जमीनी स्थिति, समस्याओं एवं उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। कलेक्टर श्री मिश्रा ने धान खरीदी प्रक्रिया के प्रत्येक चरण टोकन कटने की स्थिति, धान विक्रय, रकबा समर्पण, फसल सत्यापन, धान उठाव एवं भुगतान प्रक्रिया का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने निर्देश दिए कि छोटे, सीमांत एवं वास्तविक किसानों को किसी भी प्रकार की अनावश्यक प्रतीक्षा न हो, यह प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने खरीदी केन्द्रों पर पेयजल, छाया, तौल व्यवस्था, बैठने की सुविधा सहित अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं का भी परीक्षण कर आवश्यक सुधार के निर्देश दिए।

जिले में 15 नवम्बर 2025 से अब तक 1,14,470 किसानों से 54,81,688.80 क्विंटल धान की खरीदी, कुल 1299.78 करोड़ रुपये की खरीदी, 1,05,376 किसानों को 1208.63 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। कलेक्टर श्री मिश्रा ने रकबा समर्पण एवं फसल सत्यापन की भी समीक्षा की। उन्होंने अवैध धान परिवहन, भंडारण एवं फर्जी बिक्री पर सख्त नियंत्रण के निर्देश देते हुए कहा कि धान खरीदी प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनियमितता या मिलीभगत बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर जिला खाद्य अधिकारी बसंत कोरम, जिला विपणन अधिकारी सुनील सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# नगर में विकास को मिलेगी नई गति

- विधायक चंद्राकर के प्रयास से डेढ़ करोड़ से अधिक के विकास कार्यों को मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद/अंवरी





विधायक अजय चंद्राकर के प्रयास से भखारा-भठेली नगर पंचायत क्षेत्र के लिए एक बड़ी सौगात के रूप में डेढ़ करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाले विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की घोषणा अंतर्गत स्वीकृति प्राप्त हो गई है। इन सभी कार्यों की स्वीकृति मिलने पर नगरवासियों में हर्ष है।

गौरतलब है कि उक्त सभी विकास कार्यों का प्रस्ताव नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति जैन द्वारा परिषद की बैठक में पारित कराया गया था। पश्चात प्रस्तावों को संबंधित विभागों के माध्यम से शासन को भेजा गया। अध्यक्ष की सतत पहल, समन्वय और जनहित में किए गए प्रयासों का ही परिणाम है कि आज इन महत्वपूर्ण कार्यों को हरी झंडी मिली है। नगर के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए स्वीकृत कार्यों में विभिन्न निर्माण कार्य शामिल हैं, जिनसे आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होगा। नगर की आवश्यकता अनुसार अधोसंरचना मजबूत होगी तथा आम नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा। इन कार्यों के पूर्ण होने से न केवल नगर का स्वरूप बदलेगा, बल्कि विकास की गति भी और तेज होगी।

इस उपलब्धि के लिए नगर पंचायत, पार्षदगण एवं नगरवासियों ने विधायक अजय चंद्राकर का आभार व्यक्त किया है। नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति जैन ने विधायक चंद्राकर एवं मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि नगर पंचायत विकास के लिए प्रतिबद्ध है और आगे भी जनहित में निरंतर कार्य करती रहेगी।

# सदस्यों की सहमति से 22 कार्यों का प्रस्ताव पारित

- प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चटौद में जीवन दीप समिति की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव



प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चटौद की साधारण सभा में वित्तीय वर्ष 25-26 के आय- व्यय की जानकारी प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय साहू द्वारा दी गई तथा आगे वित्तीय वर्ष में मुख्य रूप से महिला एवं पुरुष भर्ती वार्ड में 2 नग एयर कंडीशन एवं प्रसव कक्ष का रिलोवेशन, स्तनपान कक्ष का निर्माण, मरीजों के परीक्षण टेबल हेतु गद्दा समेत कुल 22 कार्यों का प्रस्ताव पारित किया गया। जनपद अध्यक्ष ने स्टॉफ के कार्यों की सराहना की। कायाकल्प में प्रथम आने पर स्वास्थ्य केन्द्र चटौद को मोमेंटो व प्रशस्ति प्रमाण पत्र दिया गया। बैठक में जनपद अध्यक्ष श्रीमती गीतेश्वरी साहू, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. हेमराज देवांगन, बीपीएम रोहित पांडेय, लोकेश साहू पूर्व जनपद सदस्य, खेमचंद साहू चटौद, जीवन दीप समिति के सदस्य बिसेलाल साहू, डोमार साहू, गुलाब साहू, मनोज साहू, मितानिन राजेश्वरी साहू, तारिणी साहू एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारी संजय साहू, नेत्र चिकित्सा सहायक अधिकारी लोमेश कुर्रे, ग्रामीण चिकित्सा सहायक विनीता देवांगन, फार्मासिस्ट योगिता जोशी, नर्सिंग स्टॉफ महेश्वरी बघेल, ओमीन साहू, नीलिमा शर्मा, डॉली एल्मा, द्रौपदी साहू, कु.गीतांजलि कुर्रे, वरिष्ठ ड्रेसर विजय गिलहरे, लैब टेक्नोलोजिस्ट केवल चतुर्वेदी, सेकेट्रियल असिस्टेंट शीतल मसीह, सहायक ग्रेड-3 धनेशर पाल, मोहम्मद रफी व गीता साहू उपस्थित थी।

# नितिन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर की आतिशबाजी, बांटी मिठाई

- भारतीय जनता पार्टी आज विश्व का सबसे बड़ा संगठन है : प्रीतम

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुरूर(धमतरी)



प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन के भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर भाजपा मंडल पुरूर ने मंडल अध्यक्ष टकेश्वर पांडेय के नेतृत्व में खुशी जाहिर करते हुए पार्टी कार्यालय के सामने आतिशबाजी कर एक दूसरे को मिठाई खिलाई। पूर्व विधायक प्रीतम साहू ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज विश्व का सबसे बड़ा संगठन है जहां संवैधानिक प्रक्रिया के तहत एक सामान्य कार्यकर्ता भी राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकता है। श्री साहू ने कहा कि भाजपा ने एक युवा को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाकर युवाओं का आगे बढ़ने का अवसर प्रदान किया है। मंडल अध्यक्ष टुकेश्वर पांडेय, त्रिलोकी साहू ने कहा कि भाजपा में राष्ट्रवाद है जबकी अन्य दलों में वंशवाद हावी है। पार्टी में एक-एक कार्यकर्ता का महत्व होता है निष्ठा एवं लगन के साथ काम करने वाले कार्यकर्ताओं की पहचान पार्टी में हैं। मौके पर त्रिलोकी साहू, कुबेर साहू, सुरेन्द्र तिवारी, महामंत्री राकेश सिन्हा, यदीप साहू, प्रहलाद साहू, अजय साहू, संजय साहू, कीर्तन माला, छगन निर्मलकर, केजूराम साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# रानीतराई में मानसगान 23 से, मड़ई 26 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोर्रा(भखारा)

ग्राम भेलवाकूदा रानीतराई में मानसगान प्रतियोगिता का आयोजन 23-24 एवं 25 जनवरी को रखा गया है। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि गीतेश्वरी साहू अध्यक्ष जपं कुरूद होंगी। अध्यक्षता पूजा सिन्हा सभापति जिपं धमतरी करेंगी। विशिष्ट अतिथि सतीश जैन उपाध्यक्ष जपं कुरुद, डीकेश्वरी देवांगन, पूर्णिमा धनकर सरपंच गाड़ाडीह, निर्मल जैन, जगदीश्वर शर्मा, धनंजय वर्मा, रहीम खान, आशीष जैन, हलधर ठाकुर होंगे। समापन की मुख्य अतिथि पूर्णिमा धनकर सरपंच गाड़ाडीह होंगी। अध्यक्षता चमनलाल साहू उपसरपंच करेंगे। विशिष्ट अतिथि डुमेश्वर साहू, गोपाल सोरी, डोमन ठाकुर,



हुबलाल साहू, थानसिंह साहू, विजय साहू, तरुण जैन, दयालुराम साहू, मंशा मांडवी, किशनराम निषाद, अमरनाथ पंचूराम साहू, बोधीराम, पूरन निषाद होंगे। 26 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन रखा गया है। लोगों के मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी लोककला नाचा पार्टी ग्राम घीना बालोद की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी लक्ष्मण साहू, योगेश्वर, चंदूराम, शिव साहू, दयानंद मंशाराम ने दी है।

चंदनबिरही में ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन

# क्रिकेट में चिटौद विजेता एवं चंदनबिरही उपविजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुरूर(धमतरी)



ग्राम चंदनबिरही में सीसीबी क्रिकेट क्लब एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 5 दिवसीय ग्रामीण स्तरीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चिटौद की टीम विजेता एवं ग्राम चंदनबिरही की टीम उपविजेता रहे। फाइनल मैच में ग्राम चिटौद की टीम ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। प्रतियोगिता का पहला सेमी फाइनल मैच ग्राम कुलिया एवं चंदनबिरही के बीच खेला गया जिसमें चंदनबिरही ने मैच जीतकर फाइनल में जगह बनाई। दूसरा सेमीफाइनल ग्राम चिटौद एवं ग्राम आनंदपुर के बीच खेला गया, जिसमें चिटौद की टीम ने फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मैच चिटौद और चंदनबिरही के बीच खेला गया। चिटौद की टीम ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। चंदनबिरही की टीम को मात्र 4 ओवर में 30 रनों पर रोक दिया और लक्ष्य को चिटौद की टीम मात्र 1 ओवर में 3 गेंद में प्राप्त कर विजेता बन गई। प्रथम स्थान पर रही चिटौद की टीम को 15001 रूपये व द्वितीय स्थान पर रही चंदनबिरही की टीम को 8000 रूपये, तीसरे स्थान पर ग्राम आनंदपुर की टीम रही जिन्हें 3001 रूपये नगद प्रदान किया गया।

मगरलोड संकुल स्तरीय आचार्य आवर्ती वर्ग का आवासीय प्रशिक्षण सशिमं बोड़रा में हुआ

# शिक्षक बच्चों को बेहतर मार्गदर्शन देकर श्रेष्ठ व्यक्ति बनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति धमतरी के दिशा-निर्देश में मगरलोड संकुल स्तरीय आचार्य आवर्ती वर्ग का दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण सरस्वती शिशु मंदिर ग्राम बोड़रा में हुआ। प्रधानाचार्य ओमप्रकाश साहू ने परीक्षा सम्बन्धी समस्याओं पर जानकारी दी साथ ही स्कूल रिकार्ड की विभिन्न पंजी पर चर्चा कर आचार्य, दीदियों को इनके बारे में जानने प्रेरित किया। इस अवसर पर सरपंच केवल राम वर्मा ने कहा कि यह विद्यालय संस्कार और अनुशासन के लिए जाना जाता है। प्रशिक्षण से पाठ्यक्रम की तैयारी सरल सुगम होती है। प्रशिक्षण से मिली शिक्षा को बच्चों को निखारने में उपयोग करने कहा गया।

18 जनवरी को उद्घाटन अवसर पर टोमन लाल साहू ने कहा कि शिक्षक अच्छे समाज का निर्माण कर सकता है। परिवार , समाज के लिए बेहतर कार्य करने प्रेरित किया। प्रधानाचार्य गोविंदराम निषाद ने कहा कि लक्ष्य को निर्धारित लेकर मेहनत की जाए तो एक न एक दिन सफलता मिलती हैं। उन्होंने बच्चों को बेहतर मार्गदर्शन देकर अच्छे व्यक्ति बनाने शिक्षकों को प्रेरित किया। *जिला समन्वयक थानसिंग साहू* ने विद्या भारती एवं सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति की योजनाओं की जानकारी दी। शिक्षकों को वृत, परिधि, कोण की जानकारी दी। टीएलएम के माध्यम से कोण पहचानने के सरल तरीके भी बताये गये।

प्राचार्य गौरी साहू ने चेतना विकास मूल्य शिक्षा पर आधारित जानकारी दी । उन्होंने बताया कि समाज में आज अच्छे मानव की आवश्यकता हैं। शिक्षक बच्चों में मानवीय गुण का बीज बोकर अच्छे इंसान बनाएं। इंसान में आचरण की सख्त जरूरत हैं। एससीआरटी चेतना विकास मूल्य शिक्षा विभाग के अधिकारी केके साहू ने कहा कि हमें अच्छे इंसान का विकास करना है ताकि भारत तेजी से विकास कर सके। चेतना विकास मूल्य जीवन जीने की राह दिखाता है। उन्होंने चेतना विकास मूल्य के प्रशिक्षण पर जोर दिया।

मौके पर प्रधानाचार्य शंकर साहू, चेलाराम पटेल, ओमप्रकाश साहू, कौशलराम साहू, नूतन कुमार साहू, रामसिंग ध्रुव, रूपेश साहू, नूतन कुमार साहू करेली बड़ी, सन्तूराम निषाद, गजानंद साहू, जागेश्वर कश्यप, वेदराम सिन्हा समेत संकुल के आचार्य, दीदी मौजूद रहे।

#### प्रधानाचार्य के पुत्र-पुत्री देश सेवा के लिए चयनित



**मगरलोड।** सरस्वती शिशु मंदिर अरौद एवं मंदरौद निवासी प्रधानाचार्य गोविंद राम निषाद के पुत्र मितेश कुमार निषाद का जिला पुलिस एवं पुत्री गुंजा निषाद का बीएसएफ में चयन हुआ हैं। गुंजा का बीएसएफ में चयन होने पर आवर्ती वर्ग प्रशिक्षण में प्रधानाचार्य एवं आचार्य, दीदियों ने प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य गोविंद राम ने पुत्र-पुत्री को सम्मान मिलने पर कहा कि जो इच्छा पिता पूरा न हो सका। वह देश सेवा के लिए उनके पुत्र-पुत्रियों ने कर दी।

# गोजी स्कूल को मिला स्मार्ट टीवी



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री

ग्राम पंचायत गोजी की प्राथमिक व माध्यमिक शाला को मानव अधिकार परिषद रायपुर के संयुक्त सचिव मुरा निवासी संजीव सार्वा ने स्मार्ट क्लास के लिए स्मार्ट टीवी प्रदान किया है। गौरतलब है कि श्री सार्वा ने इससे पहले सभी बच्चों को स्पोर्टस टीशर्ट और पैंट प्रदान की थी। उनके इस सराहनीय कार्य के लिए सरपंच जयमित्र साहू, उपसरपंच भेपेंद्र साहू, सचिव प्रेमलाल साहू, रोजगार सहायक एकेंद्र साहू, पंचगणों और ग्रामीणों ने आभार व्यक्त किया है।

## अंचल की खबरें

### न्योता भोज में छात्रों ने खाई खीर, पूड़ी




**धमतरी।** संकुल केंद्र अरौद डुबान के संकुल समन्वयक उत्तमकुमार गंगवीर के जन्मदिन पर प्राथमिक, माध्यमिक एवं हाईस्कूल के छात्रों को न्योता भोज में खीर, पूड़ी एवं केक बांटा गया। इससे बच्चे खुश नजर आए। इस अवसर पर संकुल के शिक्षकगण भी उपस्थित थे।

### श्रद्धालुओं ने सुनी वराह अवतार, ध्रुव प्रहलाद की कथा





**धमतरी।** गौरवपथ रामसागरपारा में कन्हैयालाल साहू परिवार द्वारा आयोजित भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ में भागवत कथावाचक पंडित हरिशरण वैष्णव ने कथा में सृष्टि वर्णन, वराह अवतार, ध्रुव प्रहलाद एवं अजामिल के चरित्र का अलौकिक चित्रण किया। इस दौरान आयोजक परिवार के प्रमुख कन्हैयालाल साहू का 64 वां जन्मदिन मनाया गया। कथा सुनने धमतरी के अलावा कांकेर, दुर्ग, भिलाई, डाही बगदेही, रायपुर सहित अंचल के श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

### गोरेगांव में मना सामाजिक वार्षिक उत्सव स्नेह सम्मेलन




**नगरी।** आदिवासी ध्रुव गोंड समाज युवा प्रभाग उपक्षेत्र गोरेगांव के नेतृत्व में उपक्षेत्रीय वार्षिक उत्सव स्नेह सम्मेलन का कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में आ.ध्रु.गों.स.तह.नगरी के अध्यक्ष सुरेंद्र ध्रुव द्वारा समाज के विकास में विशेष रूप से ध्यान आकर्षित करने का प्रयास किया गया। युवा प्रभाग एवं महिला प्रभाग द्वारा शिक्षा, स्वरोजगार, नशा मुक्ति, पर्यावरण संरक्षण, समाज को संगठित करने, आदर्श विवाह एवं सामाजिक रीति–नीति जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य शशि ध्रुव, जनपद सदस्य प्रेमलता नागवंशी, सरपंच गोरेगांव कन्हैया लाल नाग, अमाली सरपंच हिरौंदी बाई ध्रुव, छिपली सरपंच लिकेश्वरी पोटाई, उपसरपंच गोरेगांव जीवनलाल यादव, महासचिव ध्रु.गो.स. तह. नगरी नरेश छेदैहा हीरालाल पडौटी अध्यक्ष ध्रु.गो.स. उपक्षेत्र गोरेगांव, म. प्र. तह. अध्यक्ष शैल बाई नेताम, मीडिया प्रभारी गीतेश ध्रुव समेत 5 गांवों के सामाजिकगण उपस्थित थे।

### स्कूली छात्राओं को किया सम्मानित



**नगरी।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी की प्रियदर्शिनी योजना अंतर्गत नारी न्याय की दिशा में की जा रही पहल के तहत नगरी क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों की छात्राओं को विधायक द्वारा प्रोत्साहन स्वरूप सामग्री सहायता प्रदान की गई। इस अवसर पर पूर्व विधायक ने कहा कि कांग्रेस पार्टी महिलाओं और बालिकाओं के सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। प्रियदर्शिनी योजना का उद्देश्य छात्राओं को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने छात्राओं से शिक्षा को अपना मजबूत आधार बनाकर समाज और देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। जनप्रतिनिधियों एवं शिक्षकों ने भी छात्राओं को निरंतर मेहनत, आत्मविश्वास और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। छात्राओं के चेहरे पर उत्साह और आत्मविश्वास स्पष्ट रूप से देखने को मिला।

### संकरी के निशा का बीएसएफ में चयन



**सिर्री।** ग्राम पंचायत संकरी की निशा यादव का बीएसएफ में चयन हुआ है। वे दिनेश यादव की पुत्री व कुंजलाल यादव की नातिन हैं। निशा ने बताया कि वे काफी समय से इसकी तैयारी में जुटी हुई थी। उन्होंने सेठ फूलचंद अग्रवाल स्मृति महाविद्यालय नवापारा में अध्ययन किया है और वहां पर एनसीसी की छात्रा रही है। उन्होंने बताया कि देशसेवा करने का जज्बा और कड़ी मेहनत से ही यह सफलता हासिल की है। उनकी इस उपलब्धि पर ग्रामीणों ने निशा के निवास पर पहुंचकर उन्हें गुलदस्ता भेंटकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर चिंवरी सोसायटी अध्यक्ष रामखिलावन साहू, ग्रामीण साहू समाज सचिव योगेश साहू, कोषाध्यक्ष डां. जीवन साहू, देवेंद्र साहू, लीलम साहू, पंच दशरथ साहू छबिकांत साहू, ओशू साहू, नोमेश साहू, हरीश साहू, खिलेन्द्र साहू, राजा साहू, कुणाल साहू, कुलदीप यादव, पितेश यादव, धन्नू साहू मौजूद थे।

30 जनवरी तक होगी प्री-बोर्ड सह जांच परीक्षा, शत-प्रतिशत परिणाम का लक्ष्य

# जिले में 10वीं-12वीं की प्री-बोर्ड परीक्षा शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



जिले में कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में शत-प्रतिशत परिणाम सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 21 जनवरी से प्री बोर्ड सह जांच परीक्षा की शुरुआत हो गई है। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय धमतरी द्वारा परीक्षा को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। यह परीक्षा 30 जनवरी तक आयोजित की जाएगी।

जिला शिक्षा विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्री बोर्ड परीक्षा में ब्लूप्रिंट के आधार पर 100 प्रतिशत पाठ्यक्रम से प्रश्न पूछे जाएंगे, ताकि विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा के पैटर्न की पूर्ण जानकारी मिल सके। कक्षा 10वीं की प्री बोर्ड परीक्षा 21 जनवरी को विज्ञान विषय से प्रारंभ हुई, जबकि कक्षा 12वीं की परीक्षा भूगोल, गणित, बुक कीपिंग एंड अकाउंटेंसी तथा कृषि विज्ञान के तत्व विषयों के साथ शुरू हुई।

उल्लेखनीय है कि 20 जनवरी को जिले के सभी हाई और हायर सेकेंडरी स्कूलों में प्रायोगिक परीक्षाएं सफलतापूर्वक संपन्न कराई जा चुकी हैं। वहीं छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल, रायपुर द्वारा जारी समय-सारिणी के अनुसार कक्षा 12वीं की वार्षिक बोर्ड परीक्षा 20 फरवरी से तथा कक्षा 10वीं की परीक्षा 21 फरवरी से प्रारंभ होगी। इस वर्ष बोर्ड परीक्षाएं मार्च माह से पहले आयोजित की जा रही हैं। जिला शिक्षा विभाग के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2025-26 में जिले से कक्षा 10वीं के 10,441 एवं कक्षा 12वीं के 7,812 विद्यार्थी बोर्ड परीक्षा में शामिल होंगे। इसके लिए जिले में कुल 85 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

वहीं 15 जनवरी को जारी अर्धवार्षिक परीक्षा परिणामों में कक्षा 10वीं का कुल परिणाम 72.76 प्रतिशत तथा 12वीं का 81.63 प्रतिशत रहा है। विभाग द्वारा प्री बोर्ड परीक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों की तैयारी को और मजबूत करने पर जोर दिया जा रहा है, ताकि आगामी बोर्ड परीक्षा में बेहतर परिणाम प्राप्त किए जा सकें।

## प्रेमनगर की प्रधानपाठिका को मॉरीशस में मिला विश्व हिन्दी सेतु सम्मान



- मॉरीशस से वापस लौटने पर छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन महिला प्रकोष्ठ की जिला प्रतिनिधि एवं शासकीय प्राथमिक शाला प्रेमनगर सिहावा (नगरी) की प्रधानपाठिका श्रीमती बी. यदु को मॉरीशस में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम में विश्व हिन्दी सेतु सम्मान से सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर उनके मॉरीशस से लौटने पर छग टीचर्स एसोसिएशन जिला धमतरी द्वारा स्वागत किया गया तथा पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया।

यह सम्मान विश्व हिन्दी सचिवालय मॉरीशस, विश्व मानव संसाधन मंत्रालय एवं भारतीय उच्चायोग (मॉरीशस) के संयुक्त तत्वावधान में 8 से 14 जनवरी तक आयोजित हिन्दी विषय शिक्षण, नवाचार एवं संभावनाएं विषयक कार्यक्रम में प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मॉरीशस के राष्ट्रपति महामहिम डॉ. धरमवीर गोखूल, शिक्षा मंत्री डॉ. महेंद्र गंगाप्रसाद सहित कई अंतरराष्ट्रीय हिंदी विद्वान उपस्थित थे। श्रीमती बी. यदु को यह सम्मान हिंदी शिक्षण, नवाचार तथा वैश्विक स्तर पर हिंदी के प्रचार-प्रसार में फिल्म, संगीत एवं सिनेमा की भूमिका पर प्रभावशाली प्रस्तुति देने के लिए मिला। इसी अवसर पर मॉरीशस के मुख्यमंत्री के हाथों उनकी पुस्तक हर मुश्किल आसान नहीं होती का विमोचन भी हुआ। जिला अध्यक्ष डॉ. भूषणलाल चंद्राकार ने इसे संगठन व शिक्षा जगत के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया।

## बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप 24 से



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

9वीं फेडरेशन कप बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप 2025-26 का आयोजन 24 से 26 जनवरी तक तिरुनेलवेली तमिलनाडु में किया जा रहा है। इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने छत्तीसगढ़ राज्य की बालिका बॉल बैडमिंटन टीम रायपुर रेलवे स्टेशन से तिरुनेलवेली (तमिलनाडु) के लिए रवाना हुई।

टीम में श्वेता शर्मा, श्रेया सोनबेर, रिया यादव, अंशिका भुंजवा, किरण कुर्रे, क्षमा मिश्रा, खुशबू साहू, टेरीना फेकर, युक्ता जेठवानी एवं टिकेश्वरी चंद्राकर के साथ कोच नमिता जैन, टीम मैनेजर आकांक्षा जोशी, अंकित लुनिया तथा नेशनल रेफरी केशव केशकर शामिल हैं।

छत्तीसगढ़ बॉल बैडमिंटन संघ के महासचिव राजा राव ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि टीम अपने अनुशासन, मेहनत और खेल भावना के दम पर बेहतरीन परिणाम प्राप्त करेगी। उन्होंने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य और सफल प्रदर्शन की कामना की।

## केरेगांव में श्रीमद् भागवत कथा सुनने उमड़ रहे श्रद्धालु



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



ग्राम केरेगांव में श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है। ग्रामीण भागवत कथा का श्रवण कर पुण्य लाभ ले रहे हैं। केरेगांव निवासी यजमान रामेश्वर लाल गजेंद्र व उनकी धर्मपत्नी राधा गजेंद्र द्वारा श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 19 से 27 जनवरी तक किया गया है। कथावाचक आचार्य पं. राजकुमार पांडे ढीमरटिकुर नवागांव है। भागवत सप्ताह के प्रतिदिन पौराणिक प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया जा रहा है। कार्यक्रम के प्रथम दिवस कलश यात्रा एवं वेदी स्थापना, द्वितीय दिवस परीक्षित जन्म का वर्णन किया गया।

तृतीय दिवस वराह अवतार एवं कपिल अवतरण के बारे में बताया कि पौराणिक कथाओं के अनुसार हिरण्याक्ष नामक असुर ने पृथ्वी भूदेवी को समुद्र में डुबा दिया था जिससे सृष्टि का संतुलन बिगड़ गया था। तब भगवान विष्णु ने वराह रूप धारण कर समुद्र में प्रवेश किया और अपनी दंती दांत पर पृथ्वी को उठाकर पुनः स्थापित किया। इस अवसर पर कथा श्रवण बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## सुंदरकांड पाठ के साथ निकलेगी शोभायात्रा

- श्री राम जन्मभूमि प्रतिष्ठा दिवस पर सोनकर समाज का आज भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

श्री राम जन्मभूमि प्रतिष्ठा दिवस के अवसर पर सोनकर समाज द्वारा इस वर्ष भी भक्ति, श्रद्धा और सामाजिक समरसता से परिपूर्ण कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। 22 जनवरी गुरुवार को सोनकर समाज भवन रामबाग धमतरी में सुंदरकांड पाठ एवं विशाल शोभायात्रा का आयोजन होगा।

आयोजन समिति से प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 9 बजे सुंदरकांड पाठ से की जाएगी, जो सुबह 10 बजे तक संपन्न होगा। इसके पश्चात सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक नगर में शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा समाज भवन रामबाग से प्रारंभ होकर घड़ी चौक सहित प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए पुनः समाज भवन में समाप्त होगी। शोभायात्रा के दौरान भगवान श्रीराम के जयघोष, भजन-कीर्तन एवं आकर्षक झांकियां श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहेंगी। पूरे मार्ग में भक्ति और उल्लास का वातावरण देखने को मिलेगा। इसमें सोनकर समाज के साथ-साथ नगर के विभिन्न वर्गों के श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल होकर धर्म और संस्कृति के प्रति अपनी आस्था प्रकट करेंगे।

आयोजन समिति ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में धार्मिक चेतना, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक परंपराओं को मजबूती प्रदान करना है। कार्यक्रम के समापन के बाद दोपहर 2:30 बजे से श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई है।

## अज्ञात लुटेरों ने अखबार वितरक को बनाया निशाना

- दो नग मोबाइल, ईयरबड्स व दो हजार नकद लेकर फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



क्षेत्र में इन दिनों असामाजिक तत्वों का आतंक इस कदर बढ़ गया है कि राहगीरों और सुबह तड़के काम पर निकलने वालों का घर से निकलना दूभर हो गया है। ताजा मामला बुधवार की सुबह का है। मेघा रोड स्थित इन्वेंचर स्कूल के पास अज्ञात लुटेरों ने एक अखबार हॉकर को अपना निशाना बनाया। इस घटना के बाद से स्थानीय निवासियों और पत्रकारों में भारी आक्रोश है।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम गाड़ाडीह निवासी अनमोल साहू पिता गोकुल साहू बुधवार की तड़के करीब 5:30 बजे अखबार लेने के लिए कुरूद आ रहा था। अनमोल नवागांव, उमरदा और परखंदा क्षेत्र में समाचार पत्र वितरण का कार्य करता है। जैसे ही वह इन्वेंचर स्कूल कुरूद तिराहा के पास पहुंचा, वहां पहले से घात लगाकर बैठे अज्ञात बदमाशों ने उसे रोक लिया।

पीड़ित ने बताया कि बदमाशों ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। डरा-धमकाकर आरोपियों ने उससे दो नग मोबाइल फोन, एक ईयरबड्स और 2000 रुपये नगद लूट लिए और मौके से फरार हो गए। इस सनसनीखेज वारदात के बाद से सुबह के समय सेवा देने वाले अन्य हॉकरों और वितरकों में दहशत है।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पत्रकारों ने एकजुट होकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जाहिर करते हुए एसडीओपी रागिनी मिश्रा से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ तत्काल प्राथमिकी दर्ज करने, आरोपियों को गिरफ्तार कर लूटे गए सामान को बरामद करने, मेघा रोड और संवेदनशील इलाकों में पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की।

मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीओपी रागिनी मिश्रा ने कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया है। इस दौरान टीआई चंद्रकांत साहू, पत्रकार मूलचंद सिन्हा, गणेश साहू, धनसिंह सेन, श्रवण साहू दीपक साहू सहित अन्य लोग उपस्थित थे। पुलिस का कहना है कि संदिग्धों की तलाश की जा रही है और जल्द ही आरोपी सलाखों के पीछे होंगे।

## कलेक्टर ने गणतंत्र दिवस की तैयारियों की समीक्षा की

- कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में हुई समय–सीमा की बैठक, अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने जिले में चल रही धान खरीदी की समीक्षा करते हुए अब तक की खरीदी, उठाव तथा अवैध धान के परिवहन एवं संग्रहण पर की गई कार्रवाई की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस की तैयारियों की भी समीक्षा की। कलेक्टर श्री मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी तैयारियां समय से पूर्ण की जाएं तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं झांकियों को गरिमामय ढंग से आयोजित किया जाए।


कलेक्टर ने विभिन्न कार्यालयों में ई-ऑफिस के माध्यम से संचालित फाइलों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी फाइलें अनिवार्य रूप से ई-ऑफिस के माध्यम से ही प्रेषित की जाएं। उन्होंने अंत्यावसायी, वन, लोक निर्माण विभाग, क्रेडा सहित विभिन्न विभागों के कार्यों की बारी-बारी से समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में विभिन्न निर्माण एजेंसियों द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्यों की स्थिति की समीक्षा करते हुए अपूर्ण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना एवं पीएम जनमन योजना अंतर्गत चल रहे कार्यों की समीक्षा कर महत्वपूर्ण कार्यों को बजट में शामिल करने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने जिले में निर्माणाधीन महतारी सदन की जानकारी लेते हुए नए महतारी सदन के लिए मुख्य सड़क के समीप एवं सीएलएफ सेक्टर क्षेत्र में उपयुक्त स्थान चयन करने के निर्देश दिए। बैठक में जल संसाधन विभाग के कार्यों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने वनांचल क्षेत्रों एवं कमार बसाहटों में निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति की जानकारी ली तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिला अस्पताल में हाल ही में की गई भर्तियों की जानकारी ली और आपातकालीन सेवाओं में नियुक्त स्टाफ की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ट्रामा सेंटर के आंतरिक कार्यों को बजट में शामिल करने हेतु प्रस्ताव तैयार करने को कहा। बैठक में अपर कलेक्टर पवन प्रेमी, डिप्टी कलेक्टर डॉ. कल्पना ध्रुव सहित जिले के विभिन्न विभागों के जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## कुरुद में डॉ. विवेक बिंद्रा की मोटिवेशनल स्पीच 27 को

- अजय की पहल पर युवाओं व महिलाओं को देंगे उद्यमिता सफलता के मंत्र





**कुरुद।** कुरुद विधानसभा के युवाओं को बेहतर शिक्षा के साथ व्यापार क्षेत्र में भी आगे बढ़ाने के लिए 27 जनवरी को कुरुद के खेल मेला मैदान में एक बड़ा आयोजन होने जा रहा है। अजय फाउंडेशन कुरुद के तत्वावधान में प्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर और बिज़नेस कोच डॉ. विवेक बिंद्रा नगर के युवाओं को प्रेरित करने आ रहे हैं। वे अपनी ऊर्जावान मोटिवेशनल स्पीच (प्रेरक भाषण) देंगे। यह आयोजन युवाओं को उद्यमिता, सफलता के मंत्र और मानसिक दृढ़ता विकसित करने के लिए प्रेरित करेगा।

गणतंत्र दिवस के ठीक अगले दिन अटल बिहारी वाजपेयी स्टेडियम कुरुद में दोपहर 12 से 2 बजे का आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं और महिलाओं के भीतर की प्रतिभा को पहचानना, उन्हें सही मार्गदर्शन देना और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करना है। डॉ. बिंद्रा बाउंस बैक सीरीज के तहत बिजनेस को बड़ा करने, करियर में सफलता पाने, सेल्स बढ़ाने और टीम प्रबंधन पर चर्चा करेंगे। वे कार्यक्रम के दौरान युवाओं को सोलोप्रेन्योर बनने और छोटे स्टार्टअप शुरू करने के लिए प्रोत्साहित करेंगे। इस संदर्भ में विधायक अजय चंद्राकर ने बताया कि डॉ. विवेक बिंद्रा उद्यमियों को नई ऊंचाइयों को छूने के लिए प्रेरित करते हैं। वे छत्तीसगढ़ में भी 15,000 से अधिक युवाओं के साथ उड़ान यूथ फेस्टिवल जैसे बड़े कार्यक्रमों में भी भागीदारी की है। 27 जनवरी को कुरुद के युवाओं के लिए यह एक बेहतरीन अवसर होगा कि वे भारत के नंबर 1 बिज़नेस कोच से सीधे बातचीत कर अपने छोटे-बड़े व्यापार को कैसे आगे बढ़ाया जा सके, इनके लिए उनके मन मे जो भी प्रश्न होगा, उनका उत्तर उन्हें मिलेगा।

## निधन

### घसनीनबाई साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री



ग्राम बिरेतरा (डोमा) निवासी घसनीनबाई साहू उम्र 80 वर्ष का निधन 20 जनवरी मंगलवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। वे दहदहा निवासी बसंतराम साहू की माता और फलेन्द्र साहू की दादी थीं। उनको श्रद्धांजलि अर्पित करने परिजन, समाजजन, ग्रामीणजन शामिल हुए। उनके निधन पर अनेक लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

## साय सरकार किसानों के साथ अन्याय कर रही : कविता

- जिला पंचायत सदस्य ने धान खरीदी केंद्र कुरमातराई का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



जिला पंचायत सदस्य कविता बाबर ने धान खरीदी केंद्र कुरमातराई का आकस्मिक निरीक्षण किया। किसानों ने शिकायत करते हुए कहा कि धान खरीदी में कुछ ही दिन शेष है लेकिन ऑनलाइन व ऑफलाइन टोकन व्यवस्था को लॉक कर दिया गया है। इससे किसान धान बेच नहीं पा रहे हैं और जिन किसानों का टोकन कट चुका है, उन्हें भौतिक सत्यापन के नाम पर परेशान किया जा रहा है। कुरमातराई केंद्र में कुल 34 किसान ऐसे हैं जिन्होंने अभी तक एक भी बार भी धान नहीं बेचा है।

उन्होंने आगे कहा कि राज्य की भाजपा सरकार ने चुनाव के समय धान के एक-एक दाने को ख़रीदने की बात कही थी लेकिन आज भौतिक सत्यापन के नाम पर किसानों के घर जाकर अधिकारियों द्वारा दबावपूर्वक रक़बा समर्पण कराया जा रहा है। श्रीमती बाबर ने बताया कि शासन से 20.80 क्विंटल प्रति एकड़ धान ख़रीदने के बजाय किसान से 2 से4 क्विंटल कम ख़रीदी कर रहे हैं जबकि शासन स्तर पर पहले ही गिरदावरी का कार्य पूर्ण कर लिया गया है और वास्तविक रकबे का मूल्यांकन दर्ज किया जा चुका है। इसके विपरीत शासन-प्रशासन द्वारा धान ख़रीदी में सत्यापन के नाम पर किसानों को डराया धमकाया व दबाया जा रहा है। श्रीमती बाबर ने किसानों की समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया। मौके पर जनपद सदस्य भारती साहू, सरपंच भुनेश्वरी साहू, सरपंच प्रतिनिधि हुलार सिंह, ललित सिन्हा, उप सरपंच खिलेन्द्र साहू, सुरेश साहू, सुदर्शन साहू, नेतराम साहू, झमेश साहू, गौकरण साहू समेत दरगहन, रींवागहन, पीपरछेड़ी के किसान उपस्थित थे।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### गणतंत्र दिवस की तैयारी का कलेक्टर ने लिया जायजा

**कांकेर।** जिला मुख्यालय के शासकीय पीएमश्री नरहरदेव उमावि परिसर में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसकी तैयारी की जा ही है। कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मण्डावी ने 21 जनवरी को स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम अरूण वर्मा सहित पीडब्ल्यूडी, विद्युत मण्डल, शिक्षा विभाग, आदिवासी विकास विभाग, नगर पालिका, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के अलावा अन्य विभागीय अधिकारी भी मौजूद थे।

### मावलीपरा में छात्राओं की दी गई निशुल्क सायकिलें

**बासनवाही।** शासकीय हाई स्कूल मावलीपरा में निःशुल्क सरस्वती साइकिल वितरण किया गया। शाला प्रबंध विकास समिति के अध्यक्ष हनुमान प्रसाद ने छात्राओं को नियमित रूप से विद्यालय आने एवं शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर प्रगति करने प्रेरित किया। उपाध्यक्ष संतोषी साहू ने कहा कि शासन की यह योजना छात्राओं की शिक्षा को प्रोत्साहित करने में अत्यंत उपयोगी है।

### ट्रैक्टर चालक की लापरवाही का हुआ खुलासा, मामला दर्ज

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 73 के पास ट्रैक्टर के पलट जाने से युवक का मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना में पाया गया कि मृतक बांदे थानांतर्गत जबेली निवासी 30 वर्षीय किशोर एक्का पिता इग्नेश एक्का 28 दिसंबर को शाम करीबन 6 बजें पीव्ही 73 के आगे रोड ढलान में ट्रैक्टर वाहन क्रमांक सीजी 19 बीके 8092 के चालक जबेली निवासी नंदकुमार पिता गबरेल साय के द्वारा ट्रैक्टर को लापरवाही ढंग से चलाने से ट्रैक्टर पलटी होने से ट्रैक्टर में दब कर मृतक किशोर एक्का की मौत हुई है।

निगम की पहल पर पक्षकारों, अधिवक्ताओं और कर्मचारियों की समस्या हुई दूर

# तहसील कार्यालय में वर्षों बाद शुद्ध पेयजल की हुई व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



शहर के हृदय स्थल में स्थित तहसील कार्यालय में वर्षों से चली आ रही पेयजल समस्या का आखिरकार समाधान हो गया है। नगर निगम के सहयोग से तहसील कार्यालय में स्थायी पेयजल व्यवस्था शुरू कर दी गई है, जिससे यहां कार्यरत कर्मचारियों, अधिवक्ताओं और दूर-दराज से आने वाले पक्षकारों ने राहत की सांस ली है।

बताया गया कि बीते कई वर्षों से तहसील कार्यालय में पानी की गंभीर समस्या बनी हुई थी। बार-बार बोर फेल होने के कारण गर्मी के दिनों में हालात और भी बदतर हो जाते थे। कर्मचारियों और अधिवक्ताओं को घर से पानी लाना पड़ता था, वहीं पक्षकारों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता था। पानी की कमी के चलते शौचालयों और परिसर में साफ-सफाई भी प्रभावित होती थी, जिससे बदबू और अस्वच्छता की स्थिति बनी रहती थी।

अधिवक्ताओं ने बताया कि मजबूरी में एक वाटरमेन की व्यवस्था की गई थी, जो दिनभर लोगों को पानी पिलाता था। इस समस्या को लेकर तहसीलदार, एसडीएम और कलेक्टर स्तर पर भी कई बार अवगत कराया गया, जिसके बाद नगर निगम से समन्वय कर समाधान की दिशा में कदम उठाए गए।

नगर निगम प्रशासन ने रामसागर वार्ड स्थित गार्डन के ओवरहेड टैंक से तहसील कार्यालय तक सीधी पाइपलाइन बिछाई है। कार्यालय परिसर में एक टंकी स्थापित कर वहां पानी संग्रहित किया जा रहा है, जिसे पाइपलाइन के माध्यम से पूरे तहसील कार्यालय में सप्लाई किया जा रहा है। अब तहसील कार्यालय में 24 घंटे पानी की सुविधा उपलब्ध हो गई है।

इस व्यवस्था के लिए अधिवक्ता सचिन जाचक, कैलाश साहू, अजय कुंभकार, संदीप भारद्वाज, यदुनंदन सिन्हा, तोरण तिवारी, महेश्वर महिलांगे, प्रदीप तिवारी, हेमलाल निर्मलकर, रजनीश पांडे, विजय तिवारी सहित अन्य अधिवक्ताओं और कर्मचारियों ने नगर निगम प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है। यह पहल न सिर्फ तहसील कार्यालय की कार्यप्रणाली को सुगम बनाएगी, बल्कि आम नागरिकों को भी बड़ी राहत देगी।

## भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से प्रीतेश की सौजन्य भेंट



**धमतरी।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होने पर नितिन नबीन से प्रीतेश गांधी प्रदेश सह कार्यालय मंत्री भाजपा छत्तीसगढ़ ने भाजपा मुख्यालय नई दिल्ली में मुलाकात कर उन्हें पुष्पगुच्छ भेंटकर शुभकामनाएं दी।

## जनपद अध्यक्ष ने किया पीएम ग्राम सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

प्रधानमंत्री जनमन ग्राम सड़क योजना अंतर्गत ग्राम बगोडार और सलोनी की कमार जनजाति के लिए बनाई जा रही प्रधानमंत्री जनमन ग्राम सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण जनपद पंचायत धमतरी एवं एकीकृत आदिवासी परियोजना नगरी की अध्यक्ष श्रीमती अंगिरा ध्रुव ने किया। निरीक्षण के दौरान सड़क की गुणवत्ता, चौड़ाई, मिट्टी भराव एवं निर्माण सामग्री की बारीकी से जांच करने पर सड़क की गुणवत्ता खराब पाई गई। उन्होंने अधिकारियों को काम सुधारने की बात कही। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र को बेहतर सड़क सुविधा उपलब्ध कराना शासन की प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान स्थानीय ग्रामीणों से भी चर्चा की एवं उनकी समस्याएं सुनी। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य अनीता ध्रुव, अजय यादव समेत ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## सेना भर्ती : अंतिम दिन 186 युवाओं में से 128 ने दौड़ पास कर ली

- 12 दिन में 9 हजार अभ्यर्थियों में से 6330 पहुंचे, 4371 ने दौड़ पूरी की

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



अग्निवीर भर्ती अन्तर्गत 21 जनवरी अंतिम दिन छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलों के युवाओं ने अपना कौशल दिखाया। कुल 261 युवाओं (ट्रैडमेन दसवीं पास) को इस दिन के लिए एडमिट कार्ड जारी किये गये थे जिसमे 186 उम्मीदवारों ने उपस्थिति दर्ज की।

उम्मीदवारों ने एक दूसरे से प्रतिस्पर्धा करने में बहुत उत्साह और शारीरिक दृढ़ता दिखाई और जिसमे 128 युवाओं ने दौड़ पास की। इस तरह कुल 12 दिनों में 9000 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 6330 पहुंचे जिनमें से 4371 ने दौड़ पास की। गौरतलब है कि 21 जनवरी को दौड़, शारीरिक दक्षता, दस्तावेज सत्यापन का अंतिम दिन था। इसके साथ यह भी सूचित किया गया है कि मेडिकल जांच में किसी भी कारणवश अभी तक अनुपस्थित अभ्यर्थी 22 जनवरी को बताये गये दस्तावेजों के साथ प्रातः 5.30 बजे इंडोर स्टेडियम धमतरी में आकर मेडिकल जांच करा सकते हैं।

इसके पश्चात उनको अनुपस्थित घोषित कर दिया जायेगा जिसके लिये वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। जिला प्रशासन धमतरी और सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के संयुक्त सहयोग से भर्ती प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है। युवाओं में इस रैली भर्ती के प्रति अपार उत्साह देखा गया।

### सौंगा में मड़ई मेला कल

**मगरलोड।** ग्राम सौंगा में 10 वर्ष के बाद ग्रामवासियों व मां शीतला युवा संगठन के तत्वावधान में मेला मड़ई का आयोजन 23 जनवरी शुक्रवार को रखा गया है। रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए जयमान दुर्गा छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी साराबोंग ओडिशा की प्रस्तुति होगी। मुख्यातिथि सरपंच वंदना एवन साहू होंगे। कार्यक्रम की तैयारी में राहुल बांधेकर, ग्राम पटेला गोवर्धन साहू,गिरेंद्र साहू जुटे हैं।

## राज्यस्तरीय रोजगार मेला रायपुर में

- जिले के आवेदक 29 जनवरी को हो सकेंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



आगामी 29, 30 एवं 31 जनवरी को शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय सेजबहार रायपुर में राज्य स्तरीय रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है। इस मेले में निजी क्षेत्र के लगभग 15 हजार रिक्त पदों में भर्ती के लिए साक्षात्कार लिया जाएगा।

उप संचालक, जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र श्रीमती पुष्पा चौधरी ने बताया कि धमतरी जिले के आवेदकों को 29 जनवरी को रोजगार मेला में उपस्थित होना है। उन्होंने यह भी बताया कि रिक्तियों की जानकारी रोजगार विभाग की वेबसाईट ईरोजगार डाट सीजी डाट जीओवी डाट इन में उपलब्ध है।

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
विशेषताएं-
स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## पति-पत्नी के आपसी सहयोग, समझ से ही परिवार सुदृढ़ बनता है : विजयानंद गिरि



- साहू सदन रुद्री रोड में दुर्लभ सत्संग जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

आमंत्रण हेरिटेज स्थित साहू सदन रुद्री में आयोजित दुर्लभ सत्संग एवं प्रवचन श्रृंखला के चौथे दिन विजयानंद गिरि महाराज (ऋषिकेश वाले) ने माता-पिता की सेवा को जीवन का सर्वोच्च धर्म बताते हुए कहा कि माता-पिता की सेवा से जीवन में सुख, शांति और ईश्वर की कृपा सहज रूप से प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि जिस घर में माता-पिता का सम्मान होता है, वहां सदैव सकारात्मक ऊर्जा का वास रहता है।

स्वामीजी ने गृहस्थ जीवन की मर्यादा और दायित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्त्री को अपने पति की सेवा प्रेम और समर्पण भाव से करनी चाहिए तथा पति का भी यह कर्तव्य है कि वह पत्नी के सम्मान के साथ परिवार की सेवा करे। पति-पत्नी के आपसी सहयोग, त्याग और समझ से ही परिवार सुदृढ़ बनता है। प्रवचन के दौरान उन्होंने यह भी बताया कि गृहस्थ जीवन में रहते हुए भी भागवत प्राप्ति संभव है। यदि व्यक्ति निष्काम भाव से अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए ईश्वर का स्मरण करता रहे, तो जीवन सार्थक बन जाता है। सत्संग के दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय रहा और श्रद्धालुओं ने प्रवचनों से आध्यात्मिक प्रेरणा प्राप्त की। सभी ने स्वामी विजयानंद गिरि महाराज का आशीर्वाद लेकर अपने जीवन को धर्म और सेवा के मार्ग पर अग्रसर करने का संकल्प लिया।

डीपीएल सीजन-7

## नॉकआउट दौर में पहुंची 12 टीमें, मुकाबला हुआ रोचक



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

धमतरी विधानसभा स्तरीय रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता डीपीएल सीजन-7 अब अपने निर्णायक चरण की ओर बढ़ रही है। टूर्नामेंट के 15वें दिन के मुकाबलों के बाद 32 में से 12 टीमों ने प्री-क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। शानदार प्रदर्शन के दम पर मकेश्वर वार्ड, रिसाईपारा और रामपुर वार्ड ने अंतिम-16 में जगह बनाई, जबकि लोहरसी की टीम पहले ही सीधे क्वार्टर फाइनल में पहुंच चुकी है।

मॉर्निंग क्रिकेट क्लब से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक क्वालीफाई करने वाली टीमों में अरौद, भटगांव, हटकेश्वर, साल्हेवारपारा, नवागांव वार्ड, पोस्ट ऑफिस वार्ड, महात्मा गांधी वार्ड, अंबेडकर वार्ड, लोहरसी, मकेश्वर वार्ड, रिसाईपारा और रामपुर वार्ड शामिल हैं।

उल्लेखनीय है कि डीपीएल सीजन-7 का आयोजन 6 जनवरी से मिशन ग्राउंड में किया जा रहा है। प्रतियोगिता का समापन 26 जनवरी को फाइनल मुकाबले और पुरस्कार वितरण के साथ होगा। जैसे-जैसे टूर्नामेंट आगे बढ़ रहा है, दर्शकों का उत्साह भी चरम पर है और हर शाम मिशन ग्राउंड में बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी जुट रहे हैं। 15वें दिन खेले गए सुपर नॉकआउट के तीनों मुकाबले 10-10 ओवर के रहे। पहले मैच में मकेश्वर वार्ड ने अरौद को 7 विकेट से हराया। दूसरे मुकाबले में रिसाईपारा ने पोस्ट ऑफिस वार्ड को 30 रनों से मात दी। दिन के अंतिम मैच में रामपुर वार्ड ने महात्मा गांधी वार्ड को 8 विकेट से पराजित कर प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की।

## नितिन के नेतृत्व में भाजपा में नए युग की शुरुआत : रंजना

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में नितिन नबीन के निर्वाचित होने पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना साहू ने हर्ष व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने सदैव युवा ऊर्जा और सक्षम नेतृत्व को महत्व दिया है और नितिन नबीन का चयन इसी परंपरा का प्रतीक है।

रंजना साहू ने कहा कि संगठन की नियमित प्रक्रिया के तहत नितिन नबीन ने मंगलवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया। छत्तीसगढ़ भाजपा के सह प्रभारी एवं प्रभारी के रूप में उनके लंबे अनुभव के कारण प्रदेश के कार्यकर्ताओं से उनका विशेष जुड़ाव रहा है। उन्होंने कहा कि नितिन नबीन सहज और विनम्र व्यक्तित्व के साथ निर्णायक क्षमता से युक्त नेता हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में नितिन नबीन का संगठनात्मक कौशल भाजपा को जनसेवा और राष्ट्रनिर्माण की दिशा में नई ऊर्जा देगा। साथ ही भाजपा सरकार की लोककल्याणकारी नीतियों और संगठन की विचारधारा को वे प्रभावी ढंग से जन-जन तक पहुंचाएंगे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Cellage Tour
19 मार्च, 09 अप्रैल, 07 मई
21 मई, 04 जून 2026 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
मॉं मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान),
पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशिः-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

TVS SCOOTER HOUSE
20 Jan TH - 05 Feb TH
RADA AUTO EXPO 2026
DOUBLE HAPPINESS DHAMAKA
50% OFF in RTO
BENEFIT UPTO ₹ 15,000*
₹5,999* Down Payment
0% ROI
₹4,000* Exchange Bonus
5 YEARS OF ENGINE WARRANTY
SCOOTER HOUSE TVS DHAMTARI
Near Gujrati Colony, Raipur road, Dhamtari (493773) 9827196521 | 9602444134
DIKESH AUTO NAGRI 9981761572 | BHILAI AUTO KURUD 9892652500
SAMRIDDHI MOTORS BHAKHARA 9202336345
N. SAI AUTO CHARAMA 9039179813 | BENGAL CYCLE AND AUTOPARTS.
PAKHANJOOR 9479220572 | ANAM AUTO MAINPUR 9770550521